हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 18 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

लोकसभा में कल संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक पारित नहीं हो सका। इस विधेयक में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित रखने का प्रावधान था। लोकसभा में उपस्थित कुल 528 सदस्यों में 298 सांसदों ने इसके पक्ष में और 230 ने इसके विरोध में मतदान किया, जो दो तिहाई बहुमत से कम था।

****

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि परिसीमन विधेयक, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक सहित अन्य दो विधेयक संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक से जुड़े हुए हैं, इसलिए इन्हें पारित करने के लिए पेश नहीं किया जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर महिलाओं को आरक्षण प्रदान करने का अवसर गंवाने का आरोप लगाया।

जो नतीजा आया है, ये इतना ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण बिल पर, देश की महिलाओं को सम्मान, अधिकार देने का जो बिल है, उसको विपक्ष ने साथ नहीं दिया और खेद की बात है और इस ऐतिहासिक पल को आप अपना एक मौका था, आपने गंवाया है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि कबीर दास जी के विचार और शिक्षाएं आज के दौर में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि कबीर जी ने 15वीं शताब्दी में समाज में व्याप्त धार्मिक कट्टरता, पाखं और भेदभाव के विरुद्ध जो क्रांतिकारी आवाज उठाई थी, वह आज भी समाज को एकता, समरसता और विश्व बंधुत्व का मार्ग दिखाती है।

मुख्यमंत्री कल पंजाब के मोहाली में कबीर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संत कबीर जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। श्री सैनी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जब विश्व विभिन्न प्रकार के तनाव और संघर्षों से जूझ रहा है, ऐसे समय में संत कबीर जी का दर्शन और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। उनके विचार मानव समाज के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं, जो शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार संत कबीर जी के समानता और समरसता के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

****

हरियाणा के राज्य निर्वाचन आयुक्त देवेंद्र सिंह कल्याण ने नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

राई में सोनीपत और रेवाड़ी के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ चुनाव तैयारियों की बारीकी से समीक्षा करने के बाद

कहा कि चुनाव की पवित्रता बनाए रखना प्रशासन, राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों तथा आमजन की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर आचार संहिता के प्रावधानों की जानकारी देना सुनिश्चित करें। साथ ही, उन्होंने चुनाव प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता बनाए रखने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने पर विशेष बल दिया।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने नगर निकाय चुनाव के लिए पांच सदस्यीय राज्य संकल्प पत्र निर्माण समिति का गठन किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने समिति में मंत्री विपुल गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, पानीपत की महापौर कोमल सैनी और स्वच्छ भारत मिशन के उपाध्यक्ष सुभाष चंद को शामिल किया है।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने निकाय चुनाव के लिए अंबाला नगर निगम के कलस्टर प्रभारी और वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति भी की है।
उन्होंने कहा कि चुनाव संकल्प समिति में अनुभवी और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले नेताओं को शामिल किया गया है, जो पार्टी के विजन को जनता के बीच ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। समिति स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए घोषणापत्र तैयार करेगी।
****

सोनीपत जिले में राई स्थित हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में 2026-27 सत्र के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम की संख्या 28 से बढ़ाकर 30 कर दी गई है।
विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने एक पत्रकार वार्ता में बताया कि इस सत्र में 2 नए पाठ्यक्रम पी.जी. डिप्लोमा, स्पोर्ट्स कोचिंग (तीरंदाजी) तथा एम.एस.सी. स्पोर्ट्स साइंस जोड़े गए हैं।
एक वर्षीय कोर्स पी जी डिप्लोमा स्पोर्ट्स कोचिंग (तीरंदाजी) में 25 सीटें होंगी जबकि एम.एस.सी. स्पोर्ट्स साइंस कोर्स 2 वर्ष की अवधि का होगा और इसमें 20 सीटें रहेंगी। उन्होंने बताया कि नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो गई है।दाखिले के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है।
****

अम्बाला छावनी में आर्य कॉलेज के एन.सी.सी. यूनिट ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार अभियान के तहत कैडेट्स ने “नारी शक्ति पदयात्रा” का आयोजन किया।
****